य एषु सुप्तेषु जागर्ति | पृष्ठ 16 | मूल्य 5.00 | झुंझुनूं, गुरुवार, 28 दिसम्बर, 2023 | पौष कृष्ण पक्ष द्वितीया संवत् 2080
राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और दिल्ली से प्रकाशित

राहुल के शतक पर, डीन एल्गर का पलटवार, भारतीय टीम ने पहली पारी में 245 रन बनाए
@स्पोर्ट्स & गेमिंग

राजस्थान पत्रिका
पत्रिका अखबार हर दिन लोगों के घर के दरवाजे खोलता है और पढ़ने के बाद मन के दरवाजे खोलता है।

झूठे दावे, कागजी कार्रवाई: खेत जैसा दिखने लगा जयसमंद बांध
@राजस्थान

झुंझुनूं पत्रिका
प्राइम
नवलगढ़ . चिड़ावा . खेतड़ी . उदयपुरवाटी . सुहाना . बिसाऊ . बगड़ . सूरजगढ़ . मलसीसर . पिलानी

मनरेगा के 1587 कार्यों पर 3248 लाख रुपए खर्च करने का अनुमोदन
पढ़ें @ पेज 12

patrika.com राजस्थान पत्रिका. झुंझुनूं, गुरुवार, 28 दिसम्बर 2023

सीरी के डॉ. मर्सीलता व डॉ. विशांत सीएसआईआर युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से दिल्ली में हुए सम्मानित

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

पिलानी. सीएसआईआर-सीरी के दो वैज्ञानिकों डॉ. ए. मर्सीलता और डॉ. विशांत को वर्ष 2022 के लिए वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) के प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला नई दिल्ली के सभागार में हुए समारोह में केंद्रीय विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ. जितेंद्रसिंह ने दोनों को पुरस्कार प्रदान किया। समारोह में सीएसआईआर की महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी सहित डीएसटी के पूर्व सचिव डॉ. रामासामी, मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। डॉ. मर्सीलता को यह सम्मान इंजीनियरिंग विज्ञान वर्ग में उनके द्वारा अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी अनुप्रयोगों के लिए अग्रणी,

पिलानी.डॉ. विशांत

पिलानी.डॉ ए. मर्सीलता

उच्च-शक्ति माइक्रोवेव उपकरणों और उच्च आवृत्ति (टेराहर्ट्ज) प्रणाली के क्षेत्र में उत्कृष्ट शोध कार्यो के लिए और डॉ. विशांत को भौतिक विज्ञान (इंस्ट्रुमेन्टेशन सहित) वर्ग में जायरोट्रॉन और सब-टेराहर्ट्ज विकिरण स्रोत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए दिया गया। सीएसआईआर सीरी निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया एवं सभी कार्मिकों ने दोनों वैज्ञानिकों की इस उपलब्धि पर बधाई दी हैं। वर्ष 1987 में आरंभ किया गया सीएसआईआर का यह प्रतिष्ठित पुरस्कार विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के विभिन्न क्षेत्रों जैसे जीव विज्ञान, रसायन विज्ञान, पृथ्वी, वायुमंडल, महासागर एवं ग्रहीय विज्ञान, अभियांत्रिकी विज्ञान एवं भौतिक विज्ञान (इंस्टुमेन्टेशन सहित) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले वैज्ञानिकों को प्रदान किया जाता हैं। विजेता को विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री तथा महानिदेशक सीएसआईआर द्वारा हस्ताक्षरित प्रशस्तिपत्र सहित 50 हजार रुपए नकद एवं एक प्लैक प्रदान किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त पुरस्कार विजेताओं को 45 वर्ष की आयु तक प्रति माह 7500 रुपए का विशेष मानदेय भी प्रदान किया जाता है। प्रत्येक सीएसआईआर युवा वैज्ञानिक पुरस्कार प्राप्तकर्ता को पांच वर्ष की अवधि के दौरान 25 लाख रुपए का अनुसंधान अनुदान भी प्रदान किया जाता है जो कि सामान्यतः प्रतिवर्ष रुपए 5 लाख होता है। गौरतलब है कि इससे पहले भी सीएसआईआर-सीरी के वैज्ञानिकों डॉ. पीके खन्ना को 1984, डॉ. उदित नारायण पाल को 2015 तथा डॉ. नीरज कुमार को 2018 में इस इस पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका हैं।